केन्द्रीय विद्यालय विजयपुर

नमूना प्रश्न पत्र

अर्धवार्षिक परीक्षा 2019

कक्षा -आठ

समय-2:30 घंटे. पूर्णान्क. 80

खन्ड. (क)

प्रश्न 1-निम्नलिखित गद्यान्श को पढ़कर पूछ गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

1. बढ़ती जनसंख्या ने अनेक प्रकार की समस्याओं को जन्म दिया है- रोटी, कपड़ा, मकान की कमी, बेरोजगारी, निरक्षता, कृषि एवं उद्योगों के उत्पादनों में कमी आदि। हम जितना अधिक उन्नति करते हैं या विकास करते हैं जनसंख्या उनके अनुपात में कहीं अधिक बढ़ जाती है। बढ़ती जनसंख्या के समक्ष सभी सरकारी प्रयास असफल दिखाई देते हैं। कृषि उत्पादन और औद्योगिक विकास बढ़ती जनसंख्या के सामने नगण्य सिद्ध हो रहे हैं। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए जनसंख्या वृधि पर नियंत्रण की अति आवश्यकता है। इसके बिना विकास के लिए किए गए सभी प्रकार के प्रयत्न अधूरे रह जाएँगे।

प्रश्न

(क) बढ़ती जनसंख्या ने किसे जन्म दिया है? 2

(ख) विकास कार्य क्यों नहीं दिखाई देते ? 2

(ग) बढ़ती जनसंख्या ने किस समस्या को जन्म दिया है? 1

(घ) बढ़ती जनसंख्या के समक्ष कौन से प्रयास असफल दिखाई देते हैं? 2

(ङ) “नगण्य” शब्द का सही अर्थ क्या है? 1

प्रश्न 2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए

आज जीत की रात

पहरुए, सावधान रहना।

खुले देश के द्वार

अचल दीपक समान रहना

प्रथम चरण है नये स्वर्ग का

है मंजिले का छोर

इस जन-मंथन से उठ आई

पहली रतन हिलोर

अभी शेष है पूरी होना

जीवन मुक्ता डोर

क्योंकि नहीं मिट पाई दुख की

विगत साँवली कोर

ले युग की पतवार

बने अंबुधि समान रहना

पहरुए, सावधान रहना

ऊँची हुई मशाल हमारी

आगे कठिन डगर है।

शत्रु हट गया, लेकिन उसकी

छायाओं का डर है,

शोषण से मृत है समाज ,

कमज़ोर हमारा घर है।

किंतु आ रही नई जिंदगी

यह विश्वास अमर है।

प्रश्न

(क) कविता देश की कौन-सी सुखद घटना की ओर संकेत करती है? 1

(ख) 'पहरुए' की 'दीपक' और 'अंबुधि' के समान बने रहने को क्यों कहा गया ? 2

(ग) शोषण से मृत है समाज कमज़ोर हमारा घर है - पंक्ति का अर्थ क्या है? 2

(घ) 'ले युग की पतवार बने अंबुधि समान रहना' पंक्ति में कौन सा अलंकार है? 1

(ङ.) प्रथम चरण क्या है ? 1

खंड. (ख)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए|

क) आंखों का तारा मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करें| 1

ख ) पर शब्द का विभिन्न अर्थ देने वाले दो वाक्य बनाइये | 1

ग ) द्वद्व  समास का एक उदाहरण लिखिए.          1

घ  )शब्द बनाइये.   क +अ+क+श+आ.          1

ड.)  पर्दा -सा. से वाक्य बनाइये.              1

च ) छोरी शब्द का प्रचलित रूप लिखिये.          1

छ)  आवट प्रत्यय के मेल से एक शब्द बनाइये |  1

ज) माताजी कल पार्टी मे नहीं गयी------- वे अस्वस्थ थी | 1

उचित सम्मुच्यबोधक से वाक्य पूरा करो

झ.) पीठ ठोकना मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करें|  1

ञ.)  हाथ और कडी जोड़कर सार्थक शब्द बनाईये. 1

ट) घर -घर पुनरुक्त शब्द से. वाक्य बनाइये.   1

ठ)   मिलान कीजिये.                                  2

| | |
|---|---|
| मोटा. | नदी |
| गहरी. | आदमी |

ड)   शरमाना से प्रत्यय अलग कीजिए.                   1

ढ) तीस विद्यार्थी कक्षा मे है.  वाक्य मे विशेषण छाँटकर उसका नाम लिखिए. |                   1

खंड (ग)

3. अवतरण को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

वैसे तो मेरे मामा के गाँव का होने के कारण मुझे बदलू को ‘बदलू मामा’ कहना चाहिए था परंतु मैं उसे ‘बदलू मामा’ न कहकर बदलू काका कहा करता था जैसा कि गाँव के सभी बच्चे उसे कहा करते थे। बदलू का मकान कुछ ऊँचे पर बना था। मकान के सामने बड़ा-सा सहन था जिसमें एक पुराना नीम का वृक्ष लगा था। उसी के नीचे बैठकर बदलू अपना काम किया करता था। बगल में भठी दहकती रहती जिसमें वह लाख पिघलाया करता। सामने एक लकड़ी की चौखट पड़ी रहती जिस पर लाख के मुलायम होने पर वह उसे सलाख के समान पतला करके चूड़ी का आकार देता। पास में चार-छह विभिन्न आकार की बेलननुमा मुंगेरियाँ रखी रहतीं जो आगे से कुछ पतली और पीछे से मोटी होतीं। लाख की चूड़ी का आकार देकर वह उन्हें मुँगेरियों पर चढ़ाकर गोल और चिकना बनाता और तब एक-एक कर पूरे हाथ की चूड़ियाँ बना चुकने के पश्चात वह उन पर रंग करता।

(क) लेखक को बदलू को किस संबोधन से पुकारना चाहिए था पर वह किस संबोधन से पुकारता था और क्यों ? 2

(ख) बदलू का मकान कैसा था ? 2

(ग) बदलू अपना काम कहाँ करता था ? 1

4 निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लिखिए | 2*4=8

(क)पत्र जैसा संतोष फोन या एसएमएस का संदेश क्यों नहीं दे सकता?

(ख)कामचोर' कहानी क्या संदेश देती है?

(ग)बदलू के मन में ऐसी कौन-सी व्यथा थी, जो लेखक से छिपी न रह सकी?

(घ)लोगों ने सलाह दी कि समझदार आदमी इस शाम वाली बस से सफ़र नहीं करते।"

लोगों ने यह सलाह क्यों दी?

5 नीचे लि्खी कविता को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

पक्षी और बादल,
ये भगवान के डाकिए हैं,
जो एक महादेश से
दूसरे महादेश को जाते हैं।
हम तो समझ नहीं पाते हैं
मगर उनकी लाई चिट्ठियाँ
पेड़, पौधे, पानी और पहाड़
बाँचते हैं।
हम तो केवल यह आँकते हैं
कि एक देश की धरती
दूसरे देश को सुगंध भेजती है।
और वह सौरभ हवा में तैरते हुए
पक्षियों की पाँखों पर तिरता है।
और एक देश का भाप

दूसरे देश में पानी

बनकर गिरता है।

(क) कविता एवं कवि का नाम बताओ।.    2

(ख) पक्षी एक महादेश से दूसरे किस स्थान पर जाते हैं ?1

(ग)'हम तो केवल यह आँकते हैं' में 'आँकते हैं' का क्या अर्थ है ?    2

6 निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लिखिए | 2*4=8

(क)कवि पुष्पों की तंद्रा और आलस्य दूर हटाने के लिए क्या करना चाहता है?

(ख)कवि ने अपने आने को 'उल्लास' और जाने को

'आँसू बनकर बह जाना' क्यों कहा है?

(ग)कबीर घास की निंदा करने से क्यों मना करते हैं। पढ़े हुए दोहे के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(घ)चिड़िया चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में क्यों है? वह तिनकों का क्या करती होगी? लिखिए।

प्रश्न 7 निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लिखिए | 2*2= 4

क) कलिंग के युद्धने अशोक के मानस पटल को कैसे बदल दिया ?

ख) सिंधु घाटी सभ्यता की क्या विशेषताये थी ?

ग) नेहरूजी भारत को एक आलोचक की नज़र से क्यों देखना चाहते थे ?

खंड. (घ)

प्रश्न 9 मित्र को कक्षा मे प्रथम आने पर बधाई पत्र लिखिए|

अथवा

दिन अवकाश के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए | (5)

प्रश्न 10. निम्नलिखित मे से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए दो. (10)

क)अभ्यास का महत्त्व

ख)दीपावली

ग)मेरा प्यारा भारतवर्ष

प्रश्न11 बच्चे और माँ के बीच बस देर से आने पर संवाद लिखिए

अथवा

अध्यापक का विद्यार्थी से काम न करने पर हुई बातचीत को संवाद के रूप मे लिखिए | (5)